06.04.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10पीएम

प्रादेशिक समाचार

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार तेज,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जबलपुर में करेंगे रोडशो।
- एक राष्ट्र एक चुनाव नीति से देश होगा मजबूत, कहा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने।
- कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में आज ग्वालियर, मुरैना और खंडवा के लिए उम्मीद्वारों की सूची जारी की।
- लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन ।

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिये 19 अप्रेल को होने वाले मतदान के लिये सभी राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। श्री मोदी जबलपुर में रोड शो करेगें। श्री मोदी के जबलपुर आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा–व्यवस्था को चाक–चौबंद किया गया है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी 8 अप्रैल को शहडोल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सिंगरौली में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने देशवासियों को आश्वासन दिया है कि देश की सीमाऐं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति पर राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी इस पर विश्वास करती है और इससे देश मजबूत होता है। इससे जनता अपने मत का बेहतर उपयोग कर पायेगी और जनप्रतिनिधियों की खरीद फरोख्त रूकेगी। श्री सिंह ने सीधी में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज प्रदेश में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

कांग्रेस प्रत्याशी

कांग्रेस की चुनाव समिति ने आज लोकसभा चुनाव के लिये 6 उम्मीदवारों का सूची जारी की। इस सूची में मध्यप्रदेश के तीन प्रत्याशी भी शामिल है। इनमें ग्वालियर से प्रवीन पाठक, मुरैना से सत्यपाल सिंह सिकरवार और खंडवा से नरेन्द्र पटेल को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे **WhatsApp** नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## स्थापना दिवस

भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, ने प्रदेश कार्यालय में झंडावंदन कर प्रदेश के बूथ स्तर के कार्यकताओं को सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित व समृद्वशाली भारत बनने की ओर अग्रसर है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रदेश के 64 हजार 523 बूथों पर आज 1 लाख से अधिक नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ा गया है।

## मतदाता जागरुकता

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। शहडोल जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गांव, शहर, कस्बों में लगातार जागरूकता रैली निकाली जा रही है। गोहपारु में रैली निकालकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया है। शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्राम पंचायत बरकोड़ा में जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। नर्मदापुरम जिले में स्वीप गतिविधियां के तहत नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम की ओर से नगर पालिका कर्मचारी और नर्मदा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का मुख्य उद्देश्य मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। देवास जिले में स्वीप अभियान के तहत महिला बाल विकास परियोजना देवास शहर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। छिंदवाड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरुकता का संदेश दिया गया। निवाड़ी जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। रायसेन में नगर पालिका द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराए जाने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया। उज्जैन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला मतदाता जागरूकता, युवा मतदाताओं को वोट डालने प्रेरित करने और वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने जिले की बैंकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिवपुरी में शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली गई।

## इंडिया गठबंधन

मध्यप्रदेश के इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी राजनैतिक दलों के नेताओं की संयुक्त बैठक आज राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव–24 को लेकर चुनावी रणनीति और समन्वय सहित अन्य कई मसलों पर विस्तार से चर्चा हुई । बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि जिला स्तर तक गठबंधन दलों की समन्वय समिति भी शीघ्र बनायी जायेंगी। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया है कि चुनावों के दौरान जिन क्षेत्रों में बड़ी रैलियां एवं सभाएं होंगी, उसमें गठबंधन से जुड़े सभी नेताओं की सक्रिय भागीदारी होगी।

भाजपा सदस्यता

कांग्रेस के उज्जैन जिले के घट्टिया से तीन बार के पूर्व विधायक रामलाल मालवीय भाजपा में शामिल हो गये हैं । प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज श्री मालवीय के साथ पूर्व जनपद अध्यक्ष भारत सिंह पंवार, उपाध्यक्ष बहादुर सिंह पटेल एवं पूर्व डिप्टी कलेक्टर रमेशचन्द्र सक्सेना सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, जनपद सदस्य, सरपंच, पूर्व संरपंचों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

समाचार संक्षेप में :–

- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगरमालवा जिले में माईक्रो आब्जर्वरों का प्रशिक्षण 08 अप्रैल को होगा।
- अनूपपुर जिले में दिव्यांगों तथा 85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं को घर में बिना किसी परेशानी से अपने मत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्रता के साथ डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान की गई।
- श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में श्रद्धालुओं से दर्शन और भस्म आरती के नाम पर तय राशि के अधिक राशि लेने के प्रकरण में सख्त कार्यवाही की गई है।
- गुना स्थित हनुमान टेकरी मंदिर पर 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा ।
- जबलपुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 94 वर्षीय कोमल चन्द जैन और उनकी धर्मपत्नी ताराबाई जैन ने लोकसभा चुनाव के लिये डाक मत पत्र द्वारा घर से मतदान किया। उन्होंने आम मतदाताओं खासतौर पर युवाओं से लोकसभा चुनाव के लिये मतदान में हिस्सा लेने अपील भी की ।
- सीहोर के चर्च मैदान पर आज से जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में 45 दिवसीय जिला स्तरीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।

आगरमालवा जिले के शासकीय महाविद्यालय बड़ौद मे आज नैतिक मतदान की शपथ विद्यार्थियो को दिलाई गई।